Need to rename 'Shivaji Bridge Railway Station' and 'Shivaji Stadium Metro Station' in Delhi as 'Chhatrapati Shivaji Maharaj Bridge Railway Station' and 'Chhatrapati Shivaji Maharaj Metro Station' respectively

डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे (कल्याण): छत्रपति शिवाजी महाराज भारतीय शासक और मराठा साम्राज्य के संस्थापक थे । छत्रपति शिवाजी महाराज मुगलो के राज्य में हिन्दू साम्राज्य स्थापित करने वाले एक मात्र राजा थे, उन्होंने केवल मराठाओ को ही नहीं वल्कि सभी भारतवासियों को भी नयी दिशा दिखाई | छत्रपति शिवाजी महाराज का योगदान इतना विशाल है कि उनके जीवन और पराक्रम से देश का हर व्यक्ति देश सेवा के लिए प्रोत्साहित होता है। उनके शौर्य को सम्मान देने हेतु पूरे देश में हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, विधान सभा, INS Shivaji और बहुत सारे शैक्षणिक संस्थानों का नाम भी छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम पर रखा गया है। हमारी राजधानी दिल्ली में भी एक रेलवे स्टेशन शिवाजी ब्रिज और एक मेट्रो स्टेशन शिवाजी स्टेडियम उनके नाम पर रखा गया है जो अपमानजनक है क्योंकि छत्रपति शिवाजी महाराज की जो प्रतिष्ठा और दर्जा है वो एक महापुरुष का है और उनके नाम पर रखे जाने वाले स्टेशन में छत्रपति और महाराज शब्द का प्रयोग ना होना दुःख का विषय है। मेरा सरकार से निवेदन है कि छत्रपति शिवाजी महाराज जैसे महापुरुष के सम्मान में इस गलती को सुधारा जाए और तत्काल शिवाजी ब्रिज का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज ब्रिज रेलवे स्टेशन और शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन का नाम छत्रपति शिवाजी महाराज मेट्रो स्टेशन किया जाए ।